विजयलक्ष्मी जोशी आई.ए.एस.

सचिव
भारत सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय
सी-3 विंग, चतुर्थ तल, पर्यावरण भवन, नई दिल्ली-110003
दूरभाष: 24361670, 24361671, 24361672
फैक्स नं.- 24361669
ई-मेल secydws@nic.in
वेबसाइट: www.ddws.nic.i n

अ.शा. पत्र संख्या-डब्ल्यू-11013/8/2014 (पीटी I)
दिनांक: 1 दिसम्बर, 2014

प्रिय मुख्य सचिव,

जैसा कि आप जानते है दिनांक 2 अक्टूबर, 2014 को माननीय प्रधान मंत्री जी ने स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की है और इसके उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सभी केंद्र तथा राज्य सरकार के मंत्रालय और सहायक संगठन उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। इस मिशन को व्यापक मीडिया कवरेज भी प्राप्त हुआ है और समाज के सभी सैक्शन ने इसमें रूचि दिखाई है।

2. My Gov प्लेटफार्म भी विभिन्न तरीकों से इस मिशन में भाग लेने की सुविधा प्रदान करता है। व्यक्ति इसमें स्वच्छता की शपथ ले सकते हैं और अपने दोस्तों और सहकर्मियों को चुनौती दे सकते हैं साथ ही अपने द्वारा किए गए कार्यों के चित्र और विडियो भी डाल सकते हैं। जिन लोगों को चुनौती मिली है वे उसे स्वीकार कर सकते हैं, अपनी गतिविधियों के चित्र और विडियो पोस्ट कर सकते हैं और अन्य लोगों को चुनौती दे सकते हैं। अत: इस सुविधा में बहुत कम समय स्वच्छ भारत की गतिविधियों को बढ़ाने की बड़ी क्षमता है।

3. इसी प्रकार से जब भी सरकारी संगठन My Gov साथ ही फेसबुक और ट्विटर पर अपनी गतिविधियों के चित्र और विडियो डालते हैं My Gov प्लेटफार्म संगठनात्मक गतिविधियों को और बढ़ाता है ताकि किसी संगठन की गतिविधियों को एक जगह पर देखा जा सके।

4. मेरा आपसे अनुरोध है कि आप अपने अधिकारियों, साथ ही सभी विभागों और अधीनस्थ संगठनों को स्वच्छ भारत गतिविधियों की सूचना साझा करने के लिए My Gov प्लेटफार्म का उपयोग करने के लिए उपयुक्त निर्देश दें। कहना जरूरी नहीं है कि सभी अधिकारी और कर्मचारी भी स्वच्छता की शपथ लें और अपनी वैयक्तिक क्षमता में चुनौती जारी करें।

सादर,

भवदीय,

(विजयलक्ष्मी जोशी)

सेवा में,

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के सभी सचिव